तथा मारे गये विद्रोही नागाओं की संख्या क्या है ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा प्रतिरक्षा मंत्रालय में प्रतिरक्षा सम्भरण मंत्री (श्री हाथी): सूचना एकत्रित की जा रही है और सदन के सभा-पटल पर रख दी जायगी।

नई दिल्ली के मुख्य डाकघर से पार्सलों का गुम हो जाना

910. **श्री हुकम चन्द कछवाय :**
श्री बड़े :

क्या **संचार** मंत्री 17 अगस्त, 1966 के अतारांकित प्रश्न संख्या 2501 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या नई दिल्ली के मुख्य डाकघर से तीन बीमाकृत लिफाफों के गुम हो जाने के मामले मे जांच पूरी हो गई है ? यदि हां, तो उसका व्योरा क्या है; और

(ख) यदि नहीं, तो उसके कब तक पूरा हो जाने की सम्भावना है ?

संसद कार्य विभाग तथा संचार विभाग में राज्य मंत्री (श्री जगन्नाथ राव) : (क) और (ख). पुलिस ने अपनी जांच पूरी कर ली है और यह मान लिया है कि इस मामले का पता नहीं चला है। फिर भी जिन विभागीय भूलों का पता चला है उनके लिए दोषी कर्मचारियों के विरुद्ध उपयुक्त कार्रवाई की गई है।

पाकिस्तानियों द्वारा अपहरण

911. **श्री हुकम चन्द कछवाय :**
श्री बड़े :

क्या **गृह-कार्य** मंत्री 31 अगस्त, 1966 के अतारांकित प्रश्न संख्या 3730 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या पाकिस्तानियों द्वारा अपहरण किये गये सैनिक इस बीच वापिस लौटा दिये गये हैं;

(ख) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(ग) इस सम्बन्ध में सरकार द्वारा क्या कार्यवाही की गई है ?

गृह-कार्य मंत्रालय में उपमंत्री (श्री विद्याचरण शुक्ल) : (क) से (ग). 13 मई, 1966 को गिरफ्तार किया गया कान्सटेबिल अभी तक पाकिस्तानी अधिकारियों द्वारा वापिस नहीं लौटाया गया। पाकिस्तान में स्थित भारत के उप-उच्चायुक्त के द्वारा उसके छुटकारे के लिये लगातार प्रयत्न किया जा रहा है।

नागा विद्रोही

912. **श्री यशपाल सिंह :**
श्री कृष्णपाल सिंह :
श्री ओंकार लाल बेरवा :
श्री बागड़ी :
डा० राम मनोहर लोहिया :
श्री बड़े :
श्री हुकम चन्द कछवाय :
श्री शिंकरे :

क्या **गृह-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सितम्बर और अक्टूबर, 1966 में हमारी सुरक्षा सेनाओं को कितनी बार नागा विद्रोहियों से संघर्ष करना पड़ा तथा उनका विस्तृत विवरण क्या है; और

(ख) इसके परिणामस्वरूप हुई हानि क्या है ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा प्रतिरक्षा मंत्रालय में प्रतिरक्षा सम्भरण मंत्री (श्री हाथी) : (क) 1966 के सितम्बर और अक्तूबर महीनों में नागा विद्रोहियों और हमारी सुरक्षा सेनाओं के बीच सत्ताईस बार संघर्ष हुआ।